आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–26 मई 2026 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नगर निगम लखनऊ की चार सौ तेरह करोड़ रूपये की लागत की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारे नगर ईज ऑफ लिविंग की दृष्टि से स्वच्छ, सुन्दर एवं सुरक्षित शहरों के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। श्री योगी ने स्वच्छता रैकिंग में नगर निगम लखनऊ को नम्बर एक पर लाने का संकल्प दोहराया।

आज स्वच्छता रैकिंग में लखनऊ नगर निगम को देश के अन्दर तीसरा स्थान प्राप्त होता है, यह अपने आप पर एक बड़ी उपलब्धि है। इसे नम्बर एक पर ले के आना है। हम लोगों ने सत्रह लाख से अधिक गरीबों को आवास उपलब्ध कराये हैं, नगरीय क्षेत्र में, ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुलमिला कर के पैंसठ लाख गरीबों को एक–एक आवास। जनता का पैसा, जनता के लिये और जनता के हित में खर्च होगा। यही मोदी जी का विजन है, यही मोदी जी की प्रेरणा है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को आज केन्द्र में बारह वर्ष पूरे हो गये। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसे भारत की सभ्यता और विकास यात्रा का बदलाव लाने वाला दौर बताया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में कहा कि इन बारह वर्षों में गरीब कल्याण शासन की प्राथमिकता बना, अंत्योदय आत्मनिर्भरता की शक्ति में बदला और जनभागीदारी ने विकास को जन–आंदोलन का रूप दिया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में और कमी लाने के लिए संस्थागत व सुरक्षित प्रसव व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ में ही कारागार विभाग और कृषि विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

कारागार विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जेलों को सुधारए पुनर्वास और कौशल विकास के प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक और सुधारात्मक गतिविधियों के माध्यम से कारागारों को नई पहचान दी जाए। उन्होंने ओपन जेल की परिकल्पना को उपयोगी बताते हुए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि खरीफ.दो हजार छब्बीस की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं और किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उर्वरक और तकनीकी सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए। श्री योगी ने जून माह से सभी विकास खंडों में प्रस्तावित साप्ताहिक चौपालों के साथ किसान मेले के भी आयोजन के निर्देश दिए ताकि किसानों को योजनाओंए आधुनिक तकनीकों और प्रगतिशील खेती की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

प्रदेश में अलग–अलग एक्सप्रेस–वे पर हुई दो बड़ी सड़क दुर्घटनाओं में करीब दस यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री घायल हैं। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से गोरखपुर जा रही बस आज उन्नाव के औरस पुलिस स्टेशन के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी, जबकि करीब दस लोग घायल हैं। वहीं पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आज तड़के बाराबंकी के पास एक कार खड़ी गाड़ी से टकरा गयी। इस दुर्घटना में कार सवार चार लोगों की मौत हो गयी।

****

अयोध्या के श्रीराम मंदिर स्थित राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। एक रिपोर्ट–

सुबह चार बजे मंगला आरती और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीराम, माता सीता और राम परिवार का अभिषेक किया गया। पूरे दिन विशेष पूजा–अर्चना, भजन–कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दोपहर में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। राम मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत और महंत मौजूद हैं और पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।

****

गोरखपुर सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में बीती रात आंधी–तूफान के साथ हुई बारिश के बाद आज दिन में तेज धूप निकली। राज्य में आज भी पूरे दिन लोगों को गर्मी और लू का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज और कल भी कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग ने कल तक के लिए दिन में भीषण लू का रेड अलर्ट भी जारी किया है।

****